# सीमांकन में फोड़ी पाइप लाइन, पटरी पार में नहीं हुई सप्लाई, आज बंटेगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रेलवे द्वारा किए जा रहे अपनी जमीन के सीमांकन के दौरान मोरवानी फिल्टर प्लांट के सामने धोलावड़ की मुख्य पाइप लाइन फूट गई। ठीक करने के लिए निगम को करीब 5 घंटे पंप बंद करना पड़े। गंगासागर टंकी पूरी नहीं भर पाने से गुरुवार को पटरी पार के इलाकों में पानी नहीं बंट पाया। निगम एक दिन का जंप लेकर शुक्रवार को सभी क्षेत्रों में एक साथ सप्लाई करेगा।

इससे शुक्रवार को जिन क्षेत्रों का टर्न था, उन्हें अब शनिवार को पानी मिलेगा। उधर टैंकर रोड पर निगम पाइप लाइन प्राइवेट कॉलोनी के दायरे में निकली। खुदाई के दौरान उसके क्षतिग्रस्त होने के बाद अब नगर निगम को लगभग 110 मीटर की पाइप लाइन शिफ्ट करना पड़ रही है। पूर्व पार्षद भावना हितेष पैमाल ने बताया गुरुवार को शिव नगर, सर्वोदय नगर, राम नगर सहित आसपास की 8 कॉलोनियों में पानी नहीं आया। निगम में शिकायत करने के बाद टैंकर से पानी पहुंचाया गया। भास्कर

**समय में भेजे विधानसभा प्रश्नों की जानकारी**

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत विभिन्न विभागों में शिकायते लंबित दिखाई दे रही है जिसमें नॉन अटेन्डेट शिकायतों को विभागीय अधिकारी देखे और उनका निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायत नॉन अटेन्डेट पाए जाने पर सम्बंधित को शोकाज नोटिस जारी किया जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने सभी विभाग प्रमुखों की बैठक में दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में विभागीय अधिकारी गंभीरता से निराकरण करें। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में सामान्य तौर पर कई विभागों द्वारा शिकायतों का निराकरण समय सीमा में नही किया जाता है। अधिकारी अपने ऑपरेटर के साथ बैठकर निराकरण करें। प्रतिदिन सीएम हेल्प लाइन में अपने विभाग से संबंधित शिकायते देख लें। उन्होंने कहा कि राहत एवं जनता से जुड़ी शिकायते सर्वोच्च प्राथमिकता पर निराकृत की जाएं।

समय पर दे जानकारीइसके अतिरिक्त कलेक्टर ने विधानसभा से आए प्रश्नों की जानकारी तय समय में भेजे जाने के निर्देश भी जारी किए है। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोताही ना बरतें। बैठक में कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन के अंतर्गत किसान पंजीयन जिले के 65 पंजीयन केन्द्रों के अलावा लोक सेवा केन्द्र आदि पर भी किसानों के द्वारा पंजीयन कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में तैनात किए गए नोडल अधिकारी पंजीयन के कार्य को ऑपरेटरो के माध्यम से निरंतर कराए जिससे कि समय सीमा में पंजीयन कराने की कार्यवाही पूर्ण की जा सकें।

पत्रिका

**याचिका मंजूर : केंद्र-आयोग से मांगा जवाब**

# वोटिंग के दिन बाहर रहने वाले कैसे करेंगे मतदान: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली@ पत्रिका. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार से जवाब मांगा है कि अगर कोई मतदान के दिन अपने क्षेत्र में नहीं है, तो वह कैसे मतदान करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मतदान के दिन अपने क्षेत्र में नहीं रहने वाले वोटरों को वोटिंग का मौका देने की मांग वाली याचिका गुरुवार को सुनवाई के लिए स्वीकार की। याचिका में कहा है, कई लोग अपने क्षेत्र से दूर रहते हैं। उन्हें तकनीक के जरिए वोटिंग का मौका दिया जाना चाहिए। पत्रिका

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जायेगा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा। क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 15 फरवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 661 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 15 फरवरी को सैलाना रोड क्षेत्र से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

इन्दौर

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

इन्दौर

## नीमचौक क्षेत्र में 13 व्यक्तियों पर हुआ जुर्माना

## कचरा पात्र नहीं रखने पर अब फुटकर विक्रेताओं पर भी होगा जुर्माना

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है किन्तु नगर के सब्जी, फल-फुट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नीमचौक क्षेत्र के दुकानदार व फुटकर व्यापारियों द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत मुकेष कुमार, श्री स्टील पर 500-500, राजेन्द्र पांचाल पर 300, धापुबाई, कौषल्याबाई, दुर्गा, दिनेष, गोवर्धन, संदीप, पवन, हेमराज, ओमप्रकाश व चंचल पर 50-50 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में ना फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाईष दी गई। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एम.के. जैन, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

इन्दौर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 15 दिनांक 13/02/2021

# रतलाम नगर शीघ्र होगा झुग्गी मुक्त प्रत्येक झुग्गी वासी को मिलेगा फ्लेट : काश्यप

## – रतलाम पुनः बनेगा मालवा का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र– फीता काटकर ''रतलाम कल आज और कल'' प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

रतलाम। नगर के प्रत्येक झुग्गीवासी व आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट दिये जाने के लिये हम कटिबद्ध है तथा इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। झुग्गीवासियों को फ्लेट मिलने के बाद रतलाम नगर झुग्गी मुक्त होगा।



## नगर निगम व रतलाम स्थापना समिति ने धूमधाम से मनाया रतलाम स्थापना दिवस

उक्त उद्गार विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने नगर निगम रतलाम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में मनाये जा रहे रतलाम स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के अवसर पर व्यक्त किये।

उन्होने कहा कि नगर का चंहुमुखी विकास तभी होगा जब शहर के प्रत्येक झुग्गीवासी, गरीब व आवासहीन परिवारों का अपना स्वयं का पक्का मकान हो। व्यक्ति के पास स्वयं का मकान होने पर स्वयंमेव ही उस परिवार का विकास होता है। प्रत्येक व्यक्ति का जब विकास होता है तो नगर का भी विकास होता है।

काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर को पुनः मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिये तेजी कार्य किया जा रहा है जिससे नगर में उद्योग व व्यापार की अवधारणाऐं बन रही है। नगर मे उद्योग लगने से नगर के युवाओं को अपने ही नगर में ही रोजगार उपलब्ध होगा व व्यापार बढ़ेगा।

उन्होने कहा कि रतलाम राज्य की स्थापना बसंत पंचमी पर आज ही के दिन हुई थी हम सभी को मिलकर रतलाम के गौरव के लिये रतलाम नगर की वर्षगांठ धूमधाम से मनाना चाहिये क्योंकि वर्षगांठ गौरव का विषय होता है। श्री काश्यप ने कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति व नगर निगम मिलकर रतलाम का स्थापना दिवस मना रही है, शासन, प्रशासन व जनसेवी संस्थाऐं मिलकर जो भी आयोजन करती है वह आयोजन सफल होता है रतलाम स्थापना दिवस उसी का सक्षम उदाहरण है। श्री काश्यप ने कहा कि सीवरेज एक कड़वी गोली है पर हमें इसे लेना होगी क्योंकि आज हम थोड़ी सी तकलीफ सह लेंगे तो आने वाले वर्षो में गंदे पानी की समस्या से मुक्त होने के साथ ही बीमारी एवं मच्छरों से भी मुक्त होंगे

रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयोजक मुन्नालाल शर्मा ने स्वागत उदबोधन देते हुए कहा कि जिस सोच के तहत रतलाम नगर बसाया था आज उसी सोच के तहत रतलाम दिन प्रतिदिन विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है साथ ही नगर साफ-स्वच्छ-सुन्दर भी बन रहा है। उन्होंने इस अवसर पर नगर में चल रही विकास की योजनाओं से विस्तृत रूप से अवगत कराया। उदबोधन के पूर्व चेतन्य काश्यप ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की तत्पश्चात नगर निगम तिराहे स्थित रतलाम राज्य के जनक रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उद्बोधन पश्चात नगर निगम कार्यालय परिसर में 'रतलाम कल आज और कल' प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर किया।

प्रारंभ में मुख्य अतिथि चेतन्य काश्यप का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, रतलाम स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, संयोजक मुन्नालाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैयालाल मौर्य, समाजसेवी अनोखीलाल कटारिया, पूर्व महापौर परिषद सदस्य एवं पार्षद प्रेम उपाध्याय, मंगल लोढ़ा, भगतसिंह भदौरिया, प्रहलाद पटेल, मोहनलाल धभाई, अशोक यादव, श्रीमती ललीता पंवार, श्रीमती अनिता कटारा, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जयवंत कोठारी के अलावा गोपाल शर्मा, राजेश कटारिया, राजेश माहेश्वरी, रजनीश गोयल, दिनेश सोलंकी, सुनील माली, लक्ष्मीनारायण गेहलोत, संजीव कोठारी, मुरलीधर गुर्जर, एम.के. जैन सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्पहारों से किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल शर्मा ने किया व आभार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने माना। इन्दौर

– चार स्थानों पर लगेंगे कोरोना के टीके

# निगम कर्मचारी अनिवार्य रूप से लगवायें कोरोना का टीका : झारिया

रतलाम। नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से कोरोना का टीका लगवाये इस हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे के साथ निगम सभागृह में विभाग प्रमुख, झोन प्रभारी, दरोगाओं की बैठक लेकर कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों को सरकार फ्रंट लाईन वर्करों की श्रेणी में लिया है इसलिये सभी अनिवार्य रूप से टीका लगवाये।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि मैंने भी कोरोना का टीका लगवाया है इससे डरने की आवश्यकता नहीं है इसलिये सभी कर्मचारी अपनी, अपने परिवार व अन्य की सुरक्षा हेतु कोरोना का टीका लगवाये।निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की सुविधा हेतु 17 फरवरी बुधवार को डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल व सुभाश नगर कम्युनिटी हॉल पर कोरोना का टीका प्रातः 8:30 बजे से लगाये जाने की व्यवस्था की गई है। कर्मचारी अपने नजदीकी स्थल पर आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस आदि के साथ उपस्थित होकर कोरोना का टीका अनिवार्य रूप से लगवाये इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतें।आयोजित बैठक में डॉ. पूर्वी, उपायुक्त विकास सोलंकी, निशीकान्त शुक्ला, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, एम.के. जैन, उद्यान प्रभारी अरविन्द दशोत्तर, उपयंत्री सुहास पंडित, सिद्धार्थ सोनी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाडे, दरोगा व निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

## षडयंत्रपूर्वक अनुबंध के विपरीत जमीन बेचकर तीन के साथ धोखाधड़ी

रतलाम। स्टेशनरोड थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला 420, 120 भादवि में दर्ज किया है।

समता सिटी रहवासी मजहर अली पिता अशफाक अली ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि षडयंत्रपूर्वक अनुबंध के विपरीत जमीन बेचकर तीन लोगों ने उसके साथ धोखाधड़ी की। फरियादी का आरोप है कि उसके भाई अनुबंध में दर्शायी गयी भूमि के नक्शे के अनुसार बंटवारे की पैतृक जमीन ही बेच सकते है लेकिन उन्होंने षडयंत्रपूर्वक अनुबंध के विपरीत उसकी भी जमीन बेचकर धोखाधड़ी की। उसकी विवादित जमीन हाथीखाना में होना बताई जा रही है। बहरहाल, पुलिस थाना स्टेशनरोड ने फरियादी मजहर अली की रिपोर्ट पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। विवेचना सहायक उपनिरीक्षक आई.एम. खान कर रहे है।

इन्दौर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–लोक एक्सप्रेस पृष्ठ ...13... दिनांक....18.2.....2021

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

## नीमचौक क्षेत्र में 13 व्यक्तियों पर हुआ जुर्माना

रतलाम । नगर को साफ-स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है किन्तु नगर के सब्जी, फल-फ्रुट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार नीमचौक क्षेत्र के दुकानदार व फुटकर व्यापारियों द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत मुकेष कुमार, श्री स्टील पर 500-500, राजेन्द्र पांचाल पर 300, धापुबाई, कौषल्याबाई, दुर्गा, दिनेष, गोवर्धन, संदीप, पवन, हेमराज पर जुर्माना कर भविश्य में कचरा खुले में ना फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाईष दी गई।

## निगम कर्मचारी अनिवार्य रूप से लगवायें कोरोना का टीका-श्री झारिया

रतलाम । नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से कोरोना का टीका लगवायें इस हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे के साथ निगम सभागृह में विभाग प्रमुख, झोन प्रभारी, दरोगाओं की बैठक लेकर कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों को सरकार ने फ्रंट लाईन वर्करों की श्रेणी में लिया है इसलिये सभी अनिवार्य रूप से टीका लगवायें। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि मैंने भी कोरोना का टीका लगवाया है इससे डरने की आवश्यकता नहीं है अपने परिवार व अन्य की सुरक्षा हेतु कोरोना का टीका लगवायें।

नई व्यवस्था

जिले में अभी गाय, बैल, भैंस और पाड़ा की जानकारी पोर्टल में हो रही दर्ज

# आधार की तरह पशुओं की बन रही यूनिक आइडी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में आधार कार्ड की तर्ज पर पशुओं की भी यूनिक आइडी बन रही है। यूनिक आइडी बनने के बाद कोई भी पशु चोरी या गुम होगा तो उसका तुरंत पता लग जाएगा। इसके तहत पशुओं के कान पर प्लास्टिक टैग लगाया जा रहा है। इसमें 12 अंक का एक बार कोड डाला जा रहा है। इस बार कोड में पशु की पूरी डिटेल फीड हो रही है।



सरकारी योजनाओं की स्कीम में शामिल पशु पालकों को प्लास्टिक टैग लगवाना अनिवार्य किया गया है, ताकि कोई भी दोहरा लाभ न ले सके।

पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्कीम में आने वाले पशुओं को टैग पहले भी लगाया जाता था, लेकिन वह केवल एक साधारण न्यूमरिक होता था। नई प्रणाली के तहत पशुओं के कान में लगाए प्लास्टिक कार्ड में एक बार कोड रहता है। इसमें 12 डिजिट का नंबर होता है। यह हर पशु का यूनिक नंबर होता है। इससे उसकी पहचान होती है। यदि पशु कहीं गुम हो जाता है या फिर चोरी होता है, तो मशीन द्वारा उसका बार कोड पढ़ा जाता है। सरकार की ओर से पशुओं का बीमा, विदेशी नस्ल की गायों में दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन राशि डेयरी लोन आदि में यह टैगिंग अनिवार्य है। अधिकारियों ने बताया कि पशुओं के कान में लगने वाले प्लास्टिक टैग से कोई परेशानी नहीं होती। इससे पशुओं को खुले छोड़ने वाले पशुपालकों पर भी लगाम लग सकेगी। यूनिक आइडी से पशुओं के वैक्सीनेशन में आसानी होगी।

जिले में गाय, बैल, भैंस और पाड़ा की संख्या पांच लाख 12 हजार 640 है। अस्सी प्रतिशत की यूनिक आइडी बन गई है। जल्द ही बकरा-बकरी की यूनिक आइडी बनाई जाएगी। जिले में बकरा-बकरी की संख्या दो लाख 70 हजार है। विभाग के नोडल अधिकारी डा. सुभाष झारिया ने बताया कि पशुपालन सेवाएं सही तरीके से पहुंच सकें, इसके लिए यह कोड प्रणाली शुरू की गई है।

नईदुनिया

## सीएम हेल्पलाइन में शिकायत अटैंड नहीं की तो जारी होगा नोटिस

रतलाम। सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत विभिन्न विभागों में शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायत नान अटेंडेंट पाए जाने पर संबंधित को शोकाज नोटिस जारी किया जाएगा। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने गत दिवस बैठक में निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में विभागीय अधिकारी गंभीरता से निराकरण करें। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में सामान्य तौर पर कई विभागों द्वारा शिकायतों का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जाता है। अधिकारी अपने ऑपरेटर के साथ बैठकर निराकरण करें। प्रतिदिन सीएम हेल्प लाइन में अपने विभाग से संबंधित शिकायतें देख लें।

**विधानसभा प्रश्नों की जानकारी समय सीमा में भेजें :** कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विधानसभा प्रश्नों की जानकारी समय सीमा में भेजी जाए।

भास्कर

## अब तक 1245 निगमकर्मी लगवा चुके कोरोना टीका

रतलाम | दो दिन से शहर के चार स्थानों पर चल रहे विशेष टीकाकरण अभियान में अब तक 2033 में से 1245 निगमकर्मी कोरोना का टीका लगवा चुके हैं। गुरुवार को 479 अधिकारियों व कर्मचारियों ने वैक्सीन लगवाई। बुधवार को 766 ने लगवाई थी। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया 19 फरवरी को बाकी बचे लगभग 800 कर्मचारियों को डॉ. आंबेडकर मांगलिक भवन, अलकापुरी, जवाहरनगर और सुभाष नगर कम्यूनिटी हॉल में टीके लगाए जाएंगे। भास्कर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 : तैयारी के बजाय नगर निगम कर रहा खानापूर्ति

# शहर को साफ करने वाला निगम ही स्वच्छता से दूर



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** इन दिनों नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक के पायदान पर आने के लिए जोर शोर से कवायद कर रहा है। इसके लिए भाड़े पर रांगोली बनाने वाले भी रखे हुए है। विभिन्न स्थान पर जाकर निगम के जवाबदेह जाकर स्वच्छता का महत्व भी बता रहे है, लेकिन पूरे शहर को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाला नगर निगम ही स्वयं इस अभियान से दूर है। निगम में गंदगी से लेकर पड़ा हुआ कबाड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अभियान को मुंह चिढ़ा रहा है।

नगर निगम ने अभियान में सफल होने के लिए कई कार्य किए है। पेपर का एक टूकड़ा जमीन पर डालने वालों को 250 रुपए से लेकर 500 रुपए की रसीद थमाई है तो गीला सुखा कचरा में भेद नहीं करने वाले छोटे दुकानदारों की भी रसीद बना दी गई। इतना ही नहीं जहां जहां कचरा स्थल समाप्त किए उनके साथ साथ चौराहों पर रांगोली बनाने के लिए 80 से 90 हजार रुपए में ठेके भी दिए गए। इन सब के बाद भी शहर का नगर निगम ही स्वच्छता अभियान में अब तक शामिल नहीं हो पाया है। पत्रिका

कहने को निगम में पड़े कबाड़े, कंडम हो गए वाहन, टूटी हुई पेयजल टंकियों आदि को नीलाम करने की बात जोर शोर से कही जाती है, लेकिन हकीकत यह है कि कागज से बाहर यह कार्य नहीं हो पा रहा है। इसकी आड़ में अपराधी जरूर कभी कभी अवसर मिलने पर मनचाही वस्तु चोरी कर जाते है। इतना ही नहीं, नगर निगम के अंदर से बहने वाले नाले की गंदगी भी अब तक साफ नहीं हुई है। जबकि नगर निगम सफाई के बड़े बड़े दावे कर रहा है।

फिलहाल प्राथमिकता स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में देशभर में नंबर एक पर आने की है। कबाड़े के बारे में भी निर्णय जल्दी लिया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राजएक्सप्रेस पृष्ठ 17 दिनांक 19/02/2021

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं : कलेक्टर




रतलाम। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सालाखेड़ी चौराहे पर कोई भी वाहन दुर्घटना नहीं हो, जान माल का नुकसान नहीं हो। इसके लिए एमपीआरडीसी के अधिकारी ट्रैफिक पुलिस के साथ कार्य योजना बनाकर रोकथाम के इंतजाम करें। अधिकारी स्पॉट पर जाएं और देखें कि किस प्रकार दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। एमपीआरडीसी के अधिकारी श्री मुले ने बताया कि सालाखेड़ी चौराहे पर ड्रम लगाकर वाहनों की गति धीमी करने का प्रयास किया गया है ताकि दुर्घटना नहीं हो। कलेक्टर ने कहा कि जहां जरूरत हो रतलाम शहर के साथ हाईवे पर रंबल स्ट्रिप लगाए जा सकते हैं। एमपीआरडीसी दुर्घटना संभावित स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश का भी इंतजाम करें। इसके लिए सोलर लाइट सिस्टम भी लगाए जा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने भी दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आवश्यक सुझाव तथा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों के कार्यों की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में निर्देशित किया कि अधिकारी संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। राजस्व विभाग के अधिकारी शिकायतकर्ता से चर्चा करें, उसके घर जाकर उससे बात करें उसकी संतुष्टि उपरांत ही फोर्स क्लोज किया जाए। कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के जवाब गुणवत्तायुक्त हो, निम्न श्रेणी जवाब नहीं लिखे जाएं। इस संबंध में आलोट तथा जावरा तहसील द्वारा द्वारा दिए गए उत्तरों पर नाराजगी व्यक्त की गई।

२१५

# पेयजल लाइन फूटी, जल वितरण बाधित



टैंकर रोड पर पाइपलाइन फूटने से पानी बहता रहा। ●नईदुनिया

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। नयागांव-टैंकर रोड से शिवनगर व आसपास के क्षेत्र में जल वितरण के लिए डाली गई पेयजल लाइन यहां एक कालोनी के निर्माण कार्य के चलते क्षतिग्रस्त हो गई। इससे क्षेत्र में जल वितरण प्रभावित हुआ। शिवनगर, रामनगर, कृष्णा विहार, गैस गोदाम के आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को लोग पानी के लिए परेशान होते रहे। पूर्व पार्षद भावना पैमाल ने बताया कि कालोनी निर्माण के कारण आठ व छह इंची पाइप लाइन फूटी, लेकिन निगम प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। शिवनगर क्षेत्र में टैंकर से पानी पहुंचाने के बाद कुछ राहत मिली। जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य ने बताया कि निजी जमीन में पाइपलाइन होने से शिफ्टिंग भी की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर से पानी पहुंचाया गया।

# फ्लैट, दुकान लेने वालों को मिठाई खिलाकर दिए सूचना पत्र

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के मुखर्जी नगर में नगर पालिक निगम रतलाम के स्वामित्व की दुकान, एमआइजी फ्लैट व महू रोड स्थित बस स्टैंड की दुकान के लिए जारी ई-निविदा के माध्यम से पात्र निविदादाताओं को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शेष राशि जमा कराने के लिए सूचना पत्र दिए।

पात्र निविदादाताओं का निगम कार्यालय में मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। मुखर्जी नगर में क्रेता को पूर्ण रूप से मालिकाना हक प्राप्त होगा इसके अलावा महू रोड स्थित बस स्टैंड की दुकान वार्षिक लीजरेंट पर दी जाएगी। मुखर्जी नगर की आठ दुकानें, दो एमआइजी फ्लैट के लिए व बस स्टैंड पर एक दुकान के लिए निविदाकार पात्र पाए गए हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निविदाकारों को शेष राशि जमा कराने, रजिस्ट्री बनवाने की जानकारी दी। आमंत्रित बैंक अधिकारियों द्वारा दुकान व फ्लैट के ऋण की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, निशिकांत शुक्ला, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, राजस्व उप निरीक्षक सुनील कपूर आदि उपस्थित थे।

# सीवरेज प्रोजेक्ट में भी मुख्यमंत्री को शर्मसार करेगी नगर निगम !

**रतलाम। नगर निगम का अमला जिस प्रकार बड़े-बड़े दावे करके शहरवासियों को नियमित जलप्रदाय करने में विफल रहा, उसी प्रकार सीवरेज प्रोजेक्ट भी विफल रहकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को शर्मसार करेगा। ऐसी आशंकाएं पूरे शहर में जताई जा रहीं हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जून तक सीवरेज का काम पूरा होने की घोषणा की है, मगर काम की गति देखकर नहीं लगता कि ये दिसंबर तक भी पूरा हो पाएगा।**

सीवरेज प्रोजेक्ट का कार्य 80 प्रतिशत से अधिक हो चुका है, लेकिन बाकी बचा काम ही इस प्रोजेक्ट की असल परीक्षा का काम है। कुछ जगह सीवरेज लाइन डालने का तीखा विरोध है, तो कुछ जगह तकनीकी कारणों से काम में दिक्कत आ रही है। हालांकि इस सप्ताह लगभग एक माह से बंद पड़ा सीवरेज का काम हरदेवलाला पीपली से शुरू हुआ है। इसमें त्रिपोलिया गेट तक लाइन डालने के लिए खुदाई शुरू हो गई है। घनी आबादी और व्यस्ततम बाजार होने से इस इलाके में लोगों को खुदाई के कारण बहुत परेशानी आएगी।

ठेकेदार द्वारा अब तक 273.34 किमी में से लगभग 259 किमी सीवर लाइन डाली जा चुकी है। 5028 मैन होल बनकर तैयार हैं, जबकि हाउस चैंबर 11500 बन गए हैं। 43273 में से 15035 मकानों के कनेक्शन भी हो गए हैं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों में से करमदी रोड पर बन रहे 21 एमएलडी वाला 70 प्रतिशत तैयार है, जबकि खेतलपुर में 16.5 एमएलडी वाला 95 प्रतिशत बन गया है। इसके अलावा अर्जुन नगर, डोसीगांव, दीनदयाल नगर, गोमदड़े की पुलिया और बरबड़ में पंपिंग स्टेशन का काम जारी है।

गौरतलब है कि सीवरेज प्रोजेक्ट का काम साढ़े तीन सालों से चल रहा है। इसे पूरा करने की अवधि पहले भी 4 बार बढ़ी है। जून 2017 में शुरू होने वाले इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की पहली तिथि 31 दिसंबर 2019 निर्धारित थी, जिसे पहले जून 2020 और फिर दिसंबर 2020 तक बढ़ाया गया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान की घोषणा के बाद अब इसे जून 2021 तक बढ़ा दिया गया है। चार बार के अनुभवों के आधार पर यह कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि इस बार भी जून तक नगर निगम सीवरेज का काम पूरा नहीं करा पाएगा और मुख्यमंत्री श्री चौहान की घोषणा, घोषणा ही रह जाएगी। अग्निपथ

# ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समितियों का गठन 26 फरवरी से पूर्व करें

## जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश



रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना व कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने निर्देशित किया कि ग्राम जल एवं स्वच्छता तथा समितियों का गठन 26 फरवरी से पूर्व सुनिश्चित करें। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पीके गोगादे, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एचके मालवीय अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस दंडोतिया आदि उपस्थित थे।

बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई ने बताया कि जिले के लिए वर्ष 2020-21 से सितंबर के लिए 52006 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक 27602 कनेक्शन किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने सभी पेयजल योजनाओं में उच्च गुणवत्ता का कार्य कराने और पेयजल का बहाव तेज रखने के निर्देश दिए। बांगरोद में बन रही पेयजल टंकी के बारे में बताया गया कि उक्त पेयजल टंकी की भंडारण क्षमता जिले में सबसे अधिक होगी। बैठक में प्रस्तुतीकरण आनंद व्यास ने किया। सहायक यंत्री प्रियांशा दुबे, सुनील मईड़ा, नरेश कुवाल, श्रेय शुक्ला, लोकेश डायमा, किरण चौहान तथा विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। नईदुनिया

# अभी तक 11164 को लगा टीका, अब दूसरा डोज देंगे

रतलाम। गुरुवार को आठ केंद्रों में टीकाकरण के लिए 1500 फ्रंट लाइन वर्कर (पुलिस, राजस्व, नगरीय निकाय कर्मचारी) को बुलाया गया था, जिसमें 812 ने टीका लगवाया। शुक्रवार को भी बाल



चिकित्सालय, रेलवे हास्पिटल और जावरा केंद्र पर टीका लगेगा। यह इस चरण का अंतिम राउंड होगा। इसके बाद जिस क्रम में लोगों को पहला टीका लगा है, उसी क्रम दूसरा लगेगा। दो चरणों मे अब तक 11464 को पहली डोज दी जा चुकी है।

नगर निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारियों को टीका लगवाने के लिए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने गुरुवार को विभागवार जानकारी ली। निगम आयुक्त ने बैठक में कहा कि शुक्रवार को करीब 800 कर्मचारी अनिवार्य रूप से अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउंड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जवाहर नगर कम्युनिटी हाल व सुभाष नगर कम्युनिटी हाल पर टीका लगवाकर टीकाकरण अभियान में नगर निगम पहले नंबर पर लाएं। नगर निगम के 2033 कर्मचारियों में से अब तक 1245 कर्मचारी कोरोना का टीका लगवा चुके है। कर्मचारियों की सुविधा के लिए टीका प्रातः 8:30 बजे से लगाए जाने की व्यवस्था की गई है।

**सैलाना नगर पालिका के सभी कर्मचारियों का वैक्सीनेशनः** जिले की सैलाना नगर पालिका के शत-प्रतिशत अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा गुरुवार को कोरोना का टीका लगवाया गया। इस दौरान नगर पालिका अधिकारी जेपी गुहा, स्वास्थ्य अधिकारी अरुण कुमार पाठक सहित 99 व्यक्तियों को टीका लगाया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 18 दिनांक 19/02/2021

### स्थापना महोत्सव में प्रगति के पथ पर मेरा रतलाम विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया

# रतलाम नगर का संपूर्ण विकास ही लक्ष्यः काश्यप

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को प्रगति के पथ पर मेरा रतलाम विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रुप में मौजूद नगर विधायक ने कहां रतलाम शहर और नागरिकों का समुचित विकास ही हमारा लक्ष्य है और आने वाले कुछ सालों में रतलाम नगर महानगर की श्रेणी में खड़ा होगा। उन्होंने रतलाम शहर के विकास को लेकर किए जा रहे विकास कार्यों की सिलसिलेवार जानकारी दी।

**विधायक ने की परिचर्चा प्रारंभः** स्थापना महोत्सव समिति द्वारा आयोजित इस परिचर्चा का शुभारंभ नगर विधायक चेतन्य काश्यप, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ चार्टड एकाउन्टेंट एसएल चपलोत, वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ.मुरलीधर चांदनीवाला, वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, व मंगल लोढ़ा आदि ने मॉं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम में स्थापना महोत्सव समिति के कार्यों की जानकारी संयोजक मुन्नालाल शर्मा ने देते हुए बताया कि छोटे से स्वरुप में इस महोत्सव की शुरुआत की थी जो आज वटवृक्ष का रूप ले चुकी है।




उन्होंने शहर और शहरवासियों की हित और विकास में नगर विधायक द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रंशसा करते हुए कहां कि हमारा सौभागय है कि हमे चेतन्य काश्यप जैसे जनप्रतिनिधि मिला है। जिन्होंने विधानसभा में भी रतलाम शहर का मान बढ़ाया है। परिचर्चा के दौरान वक्ता डॉ.मुरलीधर चांदनीवाला ने कहा कि रतलाम का अपना इतिहास और गौरव रहा है। यहां राष्ट्रीय कवि प्रदीप रहे है। वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी ने इस अवसर पर रियासत कालीन धरोहर को सहेजनें की पहल करते हुए कहा कि पुरानी एतिहासिक धरोहर को सहेजा जाए।



# छोटे कामों में बड़े व्यवसायी न आएं, बनाएंगे योजनाएं: सीएम

## राहत ● शिवराज ने 40 हजार पथ विक्रेताओं को बैंकों से दिलाया ऋण

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। बड़े-बड़े लोगों ने छोटी पूंजी से बड़े-बड़े काम किए हैं। हिम्मत और कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती है। काम-धंधे के लिए रास्ते भी निकल आते हैं। इसका प्रमाण मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना है। कोरोनाकाल में जब शहरी पथ विक्रेताओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना शुरू की थी, तब प्रदेश में इसके साथ-साथ ग्रामीण पथ विक्रेता योजना भी लागू की गई थी। अब इसका फायदा लोगों को मिल रहा है। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को 40 हजार ग्रामीण पथ विक्रेताओं को बैंक ऋण वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे कामों में बड़े लोग (उद्यमी) न आएं, इसके लिए सरकार कदम उठा रही है। पथ विक्रेता जैसी योजनाएं और बनाई जाएंगी।


मुख्यमंत्री ने मिंटो हॉल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुए कार्यक्रम में कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है कि हर हाथ को काम मिले। कोई बेरोजगार न रहे। महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से लाखों महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। पथ विक्रेता योजना के माध्यम से दस हजार रुपये ब्याज मुक्त ऋण दिलाकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अब तक एक लाख हितग्राहियों को बैंकों से ऋण दिलाया गया है। हमारी कोशिश है कि छोटे-छोटे काम स्थानीय स्तर पर लोगों को मिलें। इसके लिए स्कूल यूनीफार्म, पूरक पोषण आहार के काम आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व-सहायता समूहों को दिए गए हैं। इसी तरह कुछ अन्य काम आरक्षित करने पर विचार किया जा रहा है। नईदुनिया

### योजना का फायदा

दस हजार रुपये का ऋण चुकाने पर मिल सकेंगे ब्याज मुक्त 50 हजार रुपये

### शिवराज सिंह ने कहा

प्रदेश सरकार का एक ही लक्ष्य है कि हर हाथ को काम मिले, कोई बेरोजगार न रहे



### गांव हो या शहर, पथ विक्रेताओं को कोई परेशान नहीं करेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव हो या शहर, पथ विक्रेताओं को कोई परेशान नहीं करेगा। इसके लिए पंजीयन करके उनको पहचान पत्र दिया जाएगा। आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों को और ताकतवर बनाया जाएगा। वर्ष 2023 तक ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन डालकर घर-घर नलों से पानी पहुंचाया जाएगा। इस साल 26 लाख घरों में कनेक्शन दिए जाएंगे।

### बैंक ऋण लेने के लिए किसी को लेना-देना तो नहीं पड़ा

सीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से हितग्राहियों से संवाद कर योजना के बारे में जानकारी ली। रतलामंडल देवास की पिंकी से पूछा कि ऋण लेने के लिए लेना-देना तो नहीं पड़ा। कहीं अधिकारियों के चक्कर तो नहीं लगाने पड़े। इस पर उन्हें बताया गया कि किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं हुई। बांदकपुर से रामचरण ने सीएम को अपने टी स्टाल पर आने का आग्रह किया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–उपग्रह–––––पृष्ठ 12 दिनांक 18/02/2021

# पावर हाउस नाले की गंदगी से रहवासियों की फजीहत

रतलाम। सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहा तक बने सिटी फोरलेन के मध्य प्रेस क्लब भवन के निकट बह रहे नाले में जमा गंदगी ने क्षेत्रवासियों के लिए जीना दुश्वार कर रखा है। इस नाले का नवीनीकरण का कार्य क्षेत्र में हो चुका है, लेकिन पॉवर हाउस पुलिया के नीचे नाले में उत्तर दिशा की ओर इतना अधिक कचरा जमा हो गया है कि गंदे पानी का बहाव रुक गया है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जमा पानी पर मच्छरों की उपस्थिति सहज दिखाई देती है। इन मच्छरों से क्षेत्र के रहवासियों के साथ-साथ क्षेत्र से गुजरने वाले लोग भी परेशान हो रहे हैं।

पावर हाउस रोड पर नाले की गंदगी को नवीनीकरण करने वाले ठेकेदार द्वारा लगाए गए पतरों ने छुपा रखा है। इससे लोग नगर निगम की लापरवाही को देख नहीं पा रहे हैं, लेकिन मच्छरों का प्रकोप सारी पोल खोल रहा है। इस नाले का प्रेस क्लब भवन के पास भी नवीनीकरण कार्य पूरा हो गया है। इसलिए निगम प्रशासन को कचरा साफ कराना चाहिए था, ताकि पानी का बहाव नहीं रुके और बड़ी संख्या में मच्छर पैदा न हों। वर्तमान में पानी का बहाव प्रभावित होने का कारण पुल के नीचे नाले में कचरे का ढेर लगा होना है।

नाले के समीप पत्रकार एवं राजस्व कालोनी, शास्त्री नगर, पुरानी कृषि मंडी, विद्युत मंडल सहित कई बहुमंजिला इमारतें हैं। नाला गंदा होने से इन सभी स्थानों पर आने-जाने और रहने वाले लोगों की फजीहत हो रही है। ग्रीष्मकाल में मच्छरों से मलेरिया सहित अन्य बीमारियों के फैलने की आशंका है। वर्तमान में कोरोना महामारी का प्रकोप भी खत्म नहीं हुआ है। इसलिए नगर निगम और प्रशासन की लापरवाही आम जनजीवन के लिए घातक हो सकती हैनगर निगम प्रशासन को आम नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा की चिन्ता कर जमा कचरे को हटाने और नाले के पानी के बहाव का मार्ग बनाने के लिए कदम उठाना चाहिए।



पॉवर हाउस रोड पुलिया के नीचे जमा कचरा पानी बहाव को रोकते हुए

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र लेखन पृष्ठ 14 दिनांक 18/02/2021



# रतलाम नगर शीघ्र होगा झुग्गी मुक्त प्रत्येक झुग्गी वासी को मिलेगा फ्लेट -श्री काश्यप

## नगर निगम व रतलाम स्थापना समिति ने धूमधाम से मनाया रतलाम स्थापना दिवस

रतलाम। रतलाम नगर के प्रत्येक झुग्गीवासी व आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट दिये जाने के लिये हम कटिबद्ध है तथा इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। झुग्गीवासियों को फ्लेट मिलने के बाद रतलाम नगर झुग्गी मुक्त होगा। उक्त उद्गार विधायक रतलाम शहर माननीय चेतन्य काश्यप नें नगर निगम रतलाम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में मनाये जा रहे रतलाम स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के अवसर पर व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि नगर का चंहुमुखी विकास तभी होगा जब शहर के प्रत्येक झुग्गीवासी, गरीब व आवासहीन परिवारों का अपना स्वंय का पक्का मकान हो। व्यक्ति के पास स्वंय का मकान होने पर स्वंयमेव ही उस परिवार का विकास होता है। प्रत्येक व्यक्ति का जब विकास होता है तो नगर का भी विकास होता है।

रतलाम पुनः बनेगा मालवा का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र

श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर को पुनः मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिये तेजी कार्य किया जा रहा है जिससे नगर में उद्योग व व्यापार की अवधारणाऐं बन रही है। नगर में उद्योग लगने से नगर के युवाओं को अपने ही नगर में ही रोजगार उपलब्ध होगा व व्यापार बढ़ेगा।

# चांदनी चौक क्षेत्र में 5 लोगों पर जुर्माना



रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है किन्तु नगर के सब्जी, फल-फ्रूट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चांदनी चौक क्षेत्र के दुकानदार व फुटकर व्यापारियों द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत प्रकाश धानमण्डी पर 1000, जगदीश मंत्री धानमण्डी पर 500, अब्बास भाई चांदनी चौक पर 250, राजेश माली, शोएब चांदनी चौक पर 50-50 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में ना फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाइश दी गई।

# निगम के 766 अधिकारी–कर्मचारियों ने लगवाया कोरोना का टीका



रतलाम। फ्रंट लाईन वर्करों को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगम के विभिन्न विभागो के 451 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 17 फरवरी बुधवार को डॉ.अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, जवाहर नगर कम्यूनिटी हॉल व सुभाश नगर कम्यूनिटी हॉल पर लगाये गये वेक्सीन सेंटर में कोरोना का टीका लगवाया। इससे पूर्व निगम के 315 अधिकारी एवं कर्मचारी कोरोना का टीका लगवा चुके है।

## बोहरा बाखल में बकाया वसूली शिविर आज

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करो को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की लगाए जा रहे है। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे। शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 44 व 23 के लिए 19 व 22 फरवरी को बोहरा बाखल, वार्ड क्रमांक 23 व 44 के लिए 23 फरवरी को रामगढ़ में कार्यालयीन समय में बकाया वसूली शिविर लगेगा।

## 119 दिनों में ठीक किए 147 वॉल्व व 808 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 119 दिनों में 147 वॉल्व व 808 पाइप लाइन लीकेजो को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। शुक्रवार को मित्तल नगर कार्नर, आफिसर्स कालोनी, शास्त्री नगर, हाट रोड, टैंकर रोड, सखवाल नगर, काटजू नगर व कस्तूरबा नगर जैन मंदिर के पास पाइप लाइन लीकेज ठीक किए गए। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

## निविदादाताओं को एमआईजी फ्लैट व सहमति पत्र सौंपे

रतलाम | गुरुवार को नगर निगम सभागार में मुखर्जी नगर के एमआईजी और दुकान तथा बस स्टैंड की दुकानों के निविदा डालने वाले लोगों को सहमति पत्र सौंपे गए। निगम आयुक्त ने निविदादाताओं को शेष राशि जमा कराने व रजिस्ट्री करवाने की जानकारी दी। आयुक्त के अनुसार पीएम आवास योजना के एएचपी घटक में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर की दुकानें और फ्लैट फ्री होल्ड विक्रय किए गए हैं। यानी रजिस्ट्री के बाद क्रेता को पूर्ण रूप से मालिकाना हक मिल जाएगा।


## पैलेस रोड क्षेत्र में 18 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पैलेस रोड क्षेत्र के दुकानदार व फुटकर व्यापारियों द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने, खुले में कचरा फेंकने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। इसके तहत आनंदीलाल पर 100, जयंती भाई, अजय, मंगलसिंह, सूरज, संजय, बग्दी, रेखाबाई, भारतीबाई, दिनेश, अम्बाराम, रमेश, नाथूलाल, हर्षसिंह चौहान, जैनमल, हर्ष, जितेंद्र व चंदाबाई पर 50–50 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में नहीं फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाइश दी गई।

**मांग** • अजुर्ननगर क्षेत्र के रहवासियों ने शहर विधायक से लगाई गुहार

# 'पट्टों को लेकर हमारे साथ पक्षपात हुआ है, हमें भी पट्टे जारी किए जाएं'

भास्कर संवाददाता | रतलाम



पट्टों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए अर्जुननगर के रहवासी।

सालों से पट्टों की मांग कर रहे हैं लेकिन आज तक पट्टे नहीं मिले। हमारे क्षेत्र में वर्ष 2017-18 में भी लोगों के पट्टे बनाकर दिए। लेकिन हमारे क्षेत्र के एक भी व्यक्ति को पट्टा नहीं मिला है। जबकि हम सालों से रह रहे हैं। पट्टों को लेकर हमारे साथ पक्षपात किया है। इससे हमें भी पट्टे जारी किए जाएं नहीं तो आंदोलन किया जाएगा।

यह मांग अजुर्ननगर क्षेत्र के रहवासियों ने की। बलराम मीणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रहवासी कलेक्टोरेट पहुंचे। पहले धरना दिया और फिर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि हम वार्ड 28 के रहवासी हैं। हम पट्टे बनवाने के लिए जाते हैं तो जवाब मिलता है कि जो वर्ष 2014 से रह रहे हैं उन्हें पट्टे मिलेंगे। हम तो इससे भी पहले रह रहे हैं लेकिन हमारा नाम पट्टे की लिस्ट में नहीं आया है। पार्षद से लेकर निगम के अफसरों को गुहार कर चुके हैं लेकिन पट्टे जारी नहीं हुए हैं। इससे 100 से ज्यादा परिवारों को आज तक पट्टे नहीं मिल पाए हैं। अर्जुननगर के रहवासियों के साथ नौगावाकला के ग्रामीण भी कलेक्टोरेट पहुंचे और उन्होंने भी पट्टे की मांग की। रहवासियों ने बताया हम 50 साल से रह रहे हैं। अतः हमें पट्टे दिए जाएं। कलेक्टोरेट के बाद रहवासी विधायक चेतन्य काश्यप के पास भी पहुंचे और उनसे भी पट्टे बनवाने की मांग की।

स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 : आनंद कॉलोनी स्थित नवीन कन्या स्कूल में स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन

# स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति परिवार को जागरूक करें

रतलाम। शहर में साफ-सफाई बड़ी चुनौती है, क्योंकि इसी से गंभीर बीमारियां फैलती हैं और इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों पर ही पड़ता है। विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बच्चों के स्वास्थ्य और उनके शारीरिक, मानसिक विकास के लिए बाल स्वच्छता को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है, लेकिन दुर्भाग्य से 14 साल की उम्र के बच्चों में से 20 फीसद से अधिक बच्चे असुरक्षित पानी, अपर्याप्त स्वच्छता या अपर्याप्त सफाई के कारण या तो बीमार रहते हैं या मौत का शिकार हो जाते हैं। इसी तरह सफाई के अभाव के कारण डायरिया से होने वाली मौतों में पांच साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। ऐसे में स्वच्छता के प्रति सभी सतर्क रहें और विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राएं अपने परिवार व समाज को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

यह बात नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आनंद कॉलोनी स्थित नवीन कन्या स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरूकता शिविर के दौरान कही। आयुक्त ने बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरक बातें भी समझाई। उपायुक्त निशिकांत शुक्ला ने कहा कि गंदगी से कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। इसलिए साफ-सफाई का जीवन में खासा महत्व है। चूंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार उत्पन्न होते हैं। इसलिए हमें स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाहरी सफाई के साथ ही मन की सफाई भी काफी जरूरी है। इसलिए अपने परिवार के अलावा समाज के भी कल्याण की कामना करें। तभी समाज व देश में खुशहाली व स्वच्छता फैलेगी।



आनंद कॉलोनी स्थित नवीन कन्या स्कूल में छात्रा को पुरस्कृत करते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि। • नईदुनिया

## प्रतियोगिता में जारा, सुनैना, आराधना और नोशिना ने बाजी मारी

स्वच्छता जागरूकता शिविर के दौरान स्कूली छात्राओं ने रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, निबंध सहित कई प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यहां आयोजित निबंध प्रतियोगिता में जारा खान, पायल कुमावत और शगुफ्ता खान को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में आराधना, करिश्मा, ज्योति और शगुफ्ता खान को पुरस्कृत किया गया। चेयररेस में सुनैना, पायल और बारकु ने बाजी मारी। मेहंदी प्रतियोगिता में नोशिना, चंचल और निखत को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न स्पर्धाओं के निर्णायक कनाड़े, रेखा अग्रवाल, करुणा, रेखा मेहरा, निखोरिया, ताहेरा खान, अनिता अलेक्जेंडर, असरा सिद्दिकी ने निर्णायक की भूमिका निभाई

स्कूल प्राचार्य ममता अग्रवाल ने स्वच्छता लाओ-जीवन बचाओ का नारा देते हुए कहा कि जब तक समाज का प्रत्येक व्यक्ति जागरूक नहीं होगा, तब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा। लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में बच्चों का खास महत्व है। यदि बच्चे जागरूक होंगे तो परिवार भी जागरूक होगा। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन आयुक्त झारिया, उपायुक्त शुक्ला व प्राचार्य अग्रवाल ने किया। अतिथियों का स्वागत सुधीर गुप्ता, निखोरिया, अनिल पांचाल ने किया। संचालन सीमा खराड़ी ने किया। आभार सुरेखा माना ने किया।

नईदुनिया